**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) गतिविधि प्रतिवेदन**

**कार्यक्रम: कारगिल विजय दिवस**

**दिनांक: 30 जुलाई 2026**

**स्थान: राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां**

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के संयुक्त तत्वावधान में 30 जुलाई 2026 को राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं सेवा-भाव की भावना को सुदृढ़ करना था।कार्यक्रम में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को कारगिल के वीर सैनिकों के अद्वितीय साहस एवं बलिदान से प्रेरणा लेने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट दीपक सिहाग तथा एनएसएस प्रभारी प्रो. मोहित एवं प्रो. माधवी मिश्रा के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।.

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) गतिविधि प्रतिवेदन**

**कार्यक्रम: "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण अभियान**

**दिनांक: 30 जुलाई 2026**

**स्थान: राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां**

भारत सरकार के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत 30 जुलाई 2026 को राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर ने 250 पौधे लगाये गए। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुभाष अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी इंचार्ज लेफ्टिनेंट दीपक सिहाग तथा एनएसएस प्रभारी प्रो. मोहित एवं प्रो. माधवी मिश्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

03/08/26

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, भट्टू कलां


ARMY WING
3 HARYANA BN NCC, HISAR
GPS Map Camera
Bhattu Mandi, Haryana, India
98jw+fg3, Bhattu Mandi, Haryana 125053, India
Lat 29.380922° Long 75.346325°
Thursday, 30/07/2026 09:57 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Bhattu Mandi, Haryana, India
98jw+fg3, Bhattu Mandi, Haryana 125053, India
Lat 29.381329° Long 75.346379°
Thursday, 30/07/2026 10:33 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Bhattu Mandi, Haryana, India
98jx+gc2, Near Sharma Dairy, Shiv Colony, Bhattu
Mandi, Haryana 125053, India
Lat 29.380526° Long 75.348724°
Thursday, 30/07/2026 10:24 AM GMT +05:30
Google


NATIONAL CADET CORPS




GPS Map Camera
Google
Bhattu Mandi, Haryana, India
98jx+725, Bhattu Mandi, Haryana 125053, India
Lat 29.380452° Long 75.347312°
Thursday, 30/07/2026 10:28 AM GMT +05:30